॥ ॐ गं गणपतये नमः ॥

राजस्थान पत्रिका

પત્રિકા

शुभ वैक्सीन

स्वास्थ्य लाभ

दुखहर्ता सुखकर्ता गणपति का उत्सव पूरी श्रद्धा से मनाएं...

...साथ ही कोरोना नियमों को भी मनोयोग से अपनाएं

एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 जारी

टॉप-100 में गुजरात के 3 संस्थान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2021 की जारी रैंकिंग में देश के टॉप 100 संस्थानों में गुजरात के तीन संस्थानों को जगह मिली है। ऑवर ऑल रैंकिंग में आईआईटी गांधीनगर को देश में 33वां और गुजरात में पहला रैंक मिला है। गुजरात यूनिवर्सिटी को देश में 62वां और गुजरात में दूसरा स्थान मिला। सूरत की एसवीएनआईटी देश में 98वें और में गुजरात में तीसरे स्थान पर है।

ऑवर ऑल रैंकिंग में आईआईटी मद्रास पहले, आईआईएस बैंगलूरू दूसरे और आईआईटी बॉम्बे तीसरे स्थान पर रहा। केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नई दिल्ली में गुरुवार को यह रैंकिंग जारी की।

विश्वविद्यालयों की रैंकिंग की बात करें तो गुजरात यूनिवर्सिटी (जीयू) अहमदाबाद इस वर्ष 47.60 स्कोर के साथ 43वें स्थान पर है, जबकि बीते वर्ष 2020 में जीयू 44वें स्थान पर था। पीडीपीयू गांधीनगर इस वर्ष 41.38 स्कोर के साथ देश में 73वें और एमएसयू वडोदरा 39.48 स्कोर के साथ देश में 90वें स्थान पर है। इस श्रेणी में गुजरात से इन तीन विवि को ही जगह मिली है।

इंजीनियरिंग संस्थानों की रैंकिंग पर नजर डालें तो आईआईटी गांधीनगर 56.86 स्कोर के साथ देश में 22वें स्थान पर, एसवीएनआईटी 49.99 स्कोर के साथ 47वें और पीडीपीयू 43.17 स्कोर के साथ 68वें स्थान पर है। डीएआईआईसीटी गांधीनगर 38.20 स्कोर के साथ 107 वें, 37.30 स्कोर के साथ एमएसयू 117 वें और निरमा यूनिवर्सिटी 35.07 स्कोर के साथ देश में 153 वें स्थान पर है।

ऑवर ऑल रैंकिंग में आईआईटी गांधीनगर को 33वीं जीयू को 62वीं, एसवीएनआईटी को 98वीं रैंक

फार्मेसी नाइपर अहमदाबाद टॉप 10 में

एनआईआरएफ के फार्मेसी संस्थानों की रैंकिंग में नाइपर अहमदाबाद 63.30 स्कोर के साथ देश में टॉप 10 संस्थानों में 10वें स्थान पर है। बीते साल यह 8वें स्थान पर था। निरमा विवि इस श्रेणी में 20वेंस, एमएसयू 24वें, एलएम फार्मेसी कॉलेज में 47वें स्थान पर है।

लॉ में जीएनएलयू को छठी रैंक

100 लॉ संस्थानों की रैंकिंग में गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी इस वर्ष देश में 65.18 स्कोर के साथ छठे स्थान पर है। जीएनएलयू इस रैंकिंग में लॉ श्रेणी में गुजरात से इकलौता संस्थान है। बीते वर्ष 2020 में जीएनएलयू की रैंकिंग सातवीं थी। आर्किटेक्चर के टॉप 100 संस्थानों में अहमदाबाद की सेप्ट यूनिवर्सिटी ने इस वर्ष की रैंकिंग में 66.77 स्कोर के साथ देश में पांचवां स्थान पाया है। बीते वर्ष 2020 की रैंकिंग में इसका चौथा स्थान था।

आईआईटी गांधीनगर देश में 39वीं रैंक

रिसर्च श्रेणी में आईआईटी गांधीनगर में देश में 39वीं रैंक पाई है। रिसर्च क्षेत्र में आईआईटी गांधीनगर का स्कोर 44.14 रहा। टॉप 100 कॉलेजों की रैंकिंग में पीडी पटेल एप्लाइड साइंस- चांगा 61.19 स्कोर के साथ देश में 22वें जबकि सेंटर जेवियर्स कॉलेज अहमदाबाद 54.40 स्कोर के साथ 57वें स्थान पर रहा।

मैनेजमेंट में आईआईएम-ए देश में अव्वल

एनआईआरएफ 2021 की इस रैंकिंग में प्रबंधन की श्रेणी में भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद (आईआईएम-ए) इस वर्ष भी देश में पहले स्थान पर है। इस वर्ष आईआईएम ए का स्कोर 83.69 रहा। बीते साल 2020 की रैंकिंग में भी आईआईएम-ए पहले स्थान पर था। इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद (इरमा) 46.87 स्कोर के साथ देश में 55वें स्थान पर रहा, जबकि 44.56 स्कोर के साथ पीडीपीयू गांधीनगर देश में 66वें स्थान पर रहा।

गजराज के साथ पधारे गणपति...

वडोदरा के इलोरा पार्क में दो गजराज के साथ धूम-धाम से गणपति की प्रतिमा लाते हुए लोग। महाराष्ट्र मूल की बहुलता वाले इस शहर में बड़े उत्साह व भक्ति पूर्ण माहौल में गणेशोत्सव मनाया जाता है। शुक्रवार से गणेशोत्सव आरंभ हो रहा है।

पीएम के जन्म दिवस पर 8000 बच्चों के खातों में ट्रांसफर होगी राशि

गांधीनगर @ पत्रिका. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को राजकोट से मुख्यमंत्री विजय रूपाणी रआठ हजार बेसहारा बच्चों के खातों में डीबीटी के जरिए सहायता राशि ट्रांसफर करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ईश्वर परमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना महामारी से जान गंवाने वालों के बेसहारा बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ 18 वर्ष तक मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रुपाणी ने ऐसे बेसहारा बच्चों के भविष्य को सुरक्षा रखने के साथ जुलाई में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की शुरुआत की, जिसमें कोरोनाकाल में कोरोना जैसी गंभीर बीमारी से जान गंवाने वालों के एक हजार और बेसहारा बच्चों हर माह चार हजार रुपए सहायता राशि भुगतान की जाएगी। यह निर्णय किया गया है कि ऐसी बीमारी से यदि किसी भी बच्चे के माता या पिता दोनों में से किसी भी एक की मृत्यु होती है तो ऐसे बच्चों को भी हर माह दो हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

कोरोना के नए मामलों में वृद्धि, 19 नए मरीज

अहमदाबाद @ पत्रिका. राज्य में एक बार फिर कोरोना के नए मामलों में वृद्धि हुई हैं। गुरुवार को कोरोना के 19 मरीज सामने आए। इससे पहले बुधवार को 17 मामले दर्ज किए गए थे। गुरुवार को 3-3 नए मरीज अहमदाबाद, वडोदरा व सूरत शहर में पाए गए। इसके साथ ही खेड़ा, कच्छ, राजकोट, साबरकांठा, वलसाड व वडोदरा ग्राम्य में एक-एक मामला सामने आया। राज्य में कोरोना के मरीज बढ़ने के चलते अब एक्टिव मरीजों की संख्या 150 पहुंच गई हैं। इनमें से 6 वेंटिलेटर पर हैं जबकि 144 की हालत स्थिर बताई जाती है। राज्य में गुरुवार को 20 मरीज स्वस्थ हुए। इस तरह अब तक राज्य में कोरोना को मात देने वालों की संख्या 8, 15, 331 हो चुकी है।